# सौर ऊर्जा उत्पादन में शीर्ष पांच राज्यों में यूपी

**राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ :** सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश देश के शीर्ष पांच राज्यों में शामिल है। राजस्थान, गुजरात, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश के बाद उत्तर प्रदेश पांचवें स्थान पर है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने यह जानकारी साझा करते हुए बताया है कि प्रदेश में 3840 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता के नौ सोलर पार्कों की स्थापना की जा रही है। इससे 528 मेगावाट बिजली का उत्पादन शुरू हो गया है। बायोमास ऊर्जा उत्पादन में यूपी देश में दूसरे स्थान पर है।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ने बड़े कदम बढ़ाए हैं। इनमें सोलर पार्क के अतिरिक्त, घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाना, सोलर नगरों की स्थापना, कृषि फार्म को सौर ऊर्जा से बिजली देना, पंप स्टोरेज व जैव ऊर्जा का उत्पादन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सौर ऊर्जा से 22 हजार मेगावाट विद्युत उत्पादन का लक्ष्य है। इसके तहत छह हजार मेगावाट क्षमता निजी व सरकारी भवनों में सोलर रूफटाप संयंत्रों की स्थापना से विकसित की जाएगी और 14 हजार मेगावाट क्षमता की सौर उपयोगिता परियोजनाएं व सोलर पार्क स्थापित किए जाएंगे। पीएम सूर्य घर योजना के तहत प्रदेश में 25 लाख घरों की छतों पर भी सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाएंगे।